डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 08 जुलाई, सोमवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10












# बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने अगस्त क्रांति दिवस को जोर शोर से मनाने का संकल्प लिया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल की बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी अफरोज खान तथा प्रदेश मुख्य संगठक प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी अफरोज खान ने कहा की उन वीर सेनानियो को हमें सदैव याद रखना चाहिए। 1942 की 9 अगस्त को मुम्बई के आजाद मैदान में गाधी जी ने अंग्रेजो भारत छोडो का नारा दिया था। आज के हालात भी कुछ कुछ वैसे ही देश में बनते जा रहे है। खान ने कहा कि ऐसे हालातों के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है। नीट पेपर लीक, हाथरस कांड, सरकार की गलत नीतियां, तानाशाही के कारण पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दालें आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। मणिपुर में अशांति, किसान आन्दोलन को बदनाम करने की बीजेपी की साजिशों जैसी नीतियों को लागू कर मोदी सरकार ने देश बर्बाद कर दिया। इसलिए सेवादल ₹मोदी पद छोडो₹ क्रान्ति दिवस के रुप में कार्यक्रम करेगा। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कांग्रेस सेवादल के निर्देश पर बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं खाद्य पदार्थों के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में आयोजित धरना एवं प्रदर्शन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। सेवादल के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। कार्यकताओं ने कहा कि ताकत का इजहार कर केंद्र सरकार को आगाह कर देगी कि अभी भी कांग्रेस सेवादल सक्रिय है। कांग्रेस को आंख दिखाने की कोशिश की तो हम उसका जवाब पूरी ताकत से देंगे। उपस्थित सदस्यों ने केंद्र सरकार से तत्काल महंगाई पर अंकुश लगाने की अपील की। बैठक के तुरंत बाद सेवा दल के सदस्यों ने कांग्रेस सेवा दल के नव नियुक्त कोषाध्यक्ष आशुतोष रंजन का स्वागत किया गया।

प्रदेश मुख्य संगठक प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि सेवा दल हमारा परिवार है। हम अपने परिवार के साथ हर वक्त खड़े हैं। कांग्रेस सेवादल मजबूत होगा तब हम मजबूत होंगे। सेवादल के बिना कांग्रेस मजबूत नहीं हो सकता ' यह बात स्वर्गीय राजीव गांधी ने भी कही थी।सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष आदित्य कुमार पासवान ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने में अपना सहयोग दें और देश में संपूर्ण बदलाव लाने में सहयोग करें। कांग्रेस सेवादल महिला अध्यक्षा रुचि सिंह ने महिलाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित बैठक में प्रदेश भर के सचिव, अध्यक्ष जोनल अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष अहमद रजा खान, बिपिन झा , डॉ. मदन, सुकेश कुमार, राम बाबू, मथुरा पंडित, सुनील कुमार सुमन,रियाज अहमद, गुप्तेश्वर चौबे , अन्य प्रदेश सचिव, पदाधिकारी तथा जिलाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।









# राहुल गांधी ने हाथरस कांड पर सीएम योगी को लिखी चिट्ठी, की ये मांग

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस कांड पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सीएम योगी से हादसे में पीड़ित परिवारों की मुआवजे की राशि को बढ़ाकर जल्द से जल्द उन्हें प्रदान करने के लिए आग्रह किया है। राहुल गांधी ने चिट्ठी को अपने एक्स हैंडल के माध्यम से सार्वजनिक किया है।




राहुल गांधी ने लिखा कि हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी से मुआवजे की राशि को बढ़ाकर शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने सीएम योगी से पीड़ित परिवार की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की है। लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो मुआवजा घोषित किया गया है, वह बहुत अपर्याप्त है। मेरा आग्रह है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और उसे जल्द से जल्द दिया जाए। साथ ही साथ घायलों का समुचित इलाज कराया जाए और उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जाए।

विपक्ष के नेता ने आगे लिखा कि उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की है। हादसा इतना दुखद है कि परिजनों से मिलते समय मेरे पास सांत्वना के शब्द भी कम पड़ गए। लिखा कि परिवारों ने मुझसे यह भी साझा किया कि इस पूरे हादसे के लिए जिम्मेदार वहां के स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता है। राहुल गांधी ने आरोपितो के खिलाफ कठोर सजा की भी मांग की। लिखा कि इस मामले में उचित एवं पारदर्शी जांच न सिर्फ आने वाले समय में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने की तरफ एक सही कदम होगा, बल्कि इससे इन पीड़ित परिवारों के मन मे न्याय-व्यवस्था के प्रति विश्वास भी पुनर्स्थापित होगा।

# कपिल सिब्बल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर साधा निशाना

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर उनके संसदीय प्रक्रियाओं को लेकर दिए बयान पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम की नए आपराधिक कानूनों पर टिप्पणी की आलोचना करने पर सिब्बल ने धनखड़ पर नाराजगी जताई है।



सिब्बल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विपक्ष नहीं है जो रोजाना संसदीय प्रक्रियाओं का अपमान करता है। सिब्बल की यह टिप्पणी धनखड़ द्वारा चिदंबरम के एक बयान पर की गई टिप्पणी के बाद आई है।

चिदंबरम ने तीन नए आपराधिक कानूनों को पार्ट-टाइमर लोगों द्वारा तैयार बताया था, जिसे धनखड़ ने ''अक्षम्य'' और अपमानजनक कहा था। धनखड़ ने कहा कि जब उन्होंने एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक को दिए गए चिदंबरम के साक्षात्कार को पढ़ा तो वह हैरान हो गए। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को पार्ट-टाइमर्स द्वारा तैयार करने की बात कहना संसद का अपमान है।

सिब्बल ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''धनखड़ जी ने चिदंबरम के इस बयान की आलोचना की कि पार्ट-टाइमर्स ने तीन आपराधिक कानूनों का मसौदा तैयार किया। यह 'संसद की बुद्धि का अक्षम्य अपमान' है। हम सभी पार्ट-टाइमर हैं, धनखड़ जी!'' शनिवार को तिरुवनंतपुरम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने चिदंबरम की टिप्पणी का जिक्र किया और कहा, ''क्या हम संसद में पार्ट-टाइमर हैं? यह संसद की बुद्धि का अक्षम्य अपमान है।''

# आज मणिपुर के दौरे पर जाएंगे राहुल गांधी, इस दौरान वह विभिन्न जिलों में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह विभिन्न जिलों में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. मेघचंद्र के अनुसार, राहुल विमान से दिल्ली से सिलचर जाएंगे और वहां से जिरीबाम जिले में जाएंगे। वहां छह जून को हिंसा हुई थी।

### राहुल गांधी की तीसरी यात्रा

मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद राहुल गांधी की यह तीसरी यात्रा होगी।



वह पिछले साल मई में च्हसा शुरू होने के कुछ सप्ताह बाद मणिपुर गए थे। इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी मणिपुर से निकाली थी। मेघचंद्र ने कहा कि राहुल जिले में कुछ राहत शिविरों का दौरा करेंगे। फिर वह सिलचर हवाई अड्डा लौटेंगे और वहां से इंफाल के लिए उड़ान भरेंगे।

### सड़क मार्ग से पहुंचेंगे मोइरंग

मेघचंद्र ने कहा कि इंफाल में उतरने के बाद राहुल चुराचांदपुर जिले में पहुंचकर राहत शिविरों में रहने वाले लोगों से बातचीत करेंगे। चुराचांदपुर से गांधी सड़क मार्ग से बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पहुंचेंगे। कुछ राहत शिविरों का दौरा करेंगे। इसके बाद वह इंफाल लौटेंगे। वहां राज्यपाल अनुसुइया उइके से उनकी मुलाकात होने की संभावना है।

# आज चुना जाएगा विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नेता

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

झारखंड विधानसभा (Jharkhand vidan sabha) में आलमगीर आलम कांग्रेस (Congress) विधायक दल के नेता थे।

अभी वह टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में हैं। 8 जुलाई से विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हो रहा है और मिल रही जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को Congres विधायक दल का नेता चुन लिया जाएगा। 8 जुलाई को सुबह इसकी





सूचना विधानसभा अध्यक्ष को दे दी जाएगी। बन्ना गुप्ता रेस में सबसे आगे बताया जा रहे हैं।

कहां जा रहा है कि अगर अंतिम समय पर आलाकमान की ओर से विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया जा सका तो पार्टी के किसी सीनियर विधायक को भी एक दिन के लिए यह जिम्मेदारी दी सकती है।

कांग्रेस में प्रदीप यादव उपनेता हैं, लेकिन झारखंड विधानसभा में उनकी मान्यता अभी भी झारखंड विकास मोर्चा के नेता के रूप में है। ऐसे में उन्हें यह जिम्मेवारी नहीं मिल सकेगी।

# पश्चिम सिंहभूम युवा कांग्रेस: सभी कांग्रेसियों में जोश भरने का कार्य शुरू

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




दिनांक 7.07.2024 पश्चिम सिंहभूम युवा कांग्रेस द्वारा मनोहरपुर विधानसभा में विधानसभा स्तरीय बैठक युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र बोयपाई के नेतृत्व रखा गयी। युवा कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यक्रम कर सभी कांग्रेसियों में जोश भरने का कार्य शुरू कर दिया है। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेश सावैंया ने की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी मनोहरपुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी। इसके लिए सभी बूथों पर बूथ जोड़ो अभियान चलाया जाएगा और बूथ मजबूत की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दीनबंधु बोयपाई ने कहा कि हमारा प्रयास जिले में कांग्रेस को पुनः मजबूत करना है। आने वाले 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस एवं युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस को जोरदार तरीके से मनाने को लेकर हमें मंथन करनी चाहिए। पूर्व प्रत्याशी सुभाष नाग ने कहा कि विधानसभा की सभी प्रखंड, पंचायत एवं बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर काम पर लग जाएं।

निश्चित रूप से कांग्रेस का हक बनता है कि मनोहरपुर विधानसभा से कांग्रेस दावेदारी करे।

# सीएम हाउस में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक, विश्वास प्रस्ताव को लेकर बनी रणनीति

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



रांची : हेमंत सरकार सोमवार को सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करेगी. विधानसभा के विशेष सत्र से पहले सीएम हाउस में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक बैठक हुई. सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करने और बहुमत के आंकड़ों पर चर्चा हुई. सीएम ने सभी विधायकों से सदन में एकजुट रहने की अपील की.

बैठक में झामुमो, कांग्रेस, राजद, भाकपा माले के विधायक शामिल थे. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी बैठक में मौजूद थे.

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चीन एलएसी पर बॉर्डर की जो स्थिति है, उस पर देश को विश्वास में लिया जाए

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चीन एलएसी पर बॉर्डर की जो स्थिति है, उस पर देश को विश्वास में लिया जाए। सवाल किया कि जो एरिया मई 2020 तक भारत के कब्जे में था, वहां चीन अपने सैन्य अड्डे कैसे स्थापित कर सकता है? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चीन पैंगोंग त्सो के पास उस जमीन पर सैन्य अड्डा कैसे बना सकता है, जो मई 2020 तक भारत के कब्जे में था? वो भी तब जब हम गलवान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए ₹क्लीन चिट₹ के पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, जहां (गलवान) हमारे बहादुर सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, चीन हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करना जारी रख रहा है।



उन्होंने कहा कि हाल ही में 10 अप्रैल 2024 को विदेशी प्रेस को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष मजबूती से रखने में नाकाम रहे। 13 अप्रैल 2024 को विदेश मंत्री ने यह बयान दिया कि चीन ने हमारी किसी भी ज़मीन पर कब्ज़ा नहीं किया है। विदेश मंत्री के इस बयान ने चीन के प्रति मोदी सरकार की नम्र नीति को उजागर कर दिया। 4 जुलाई 2024 को भले ही देश के विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की और कहा कि एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) का सम्मान करना और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। लेकिन, चीन हमारे क्षेत्र पर कब्ज़ा करने और सिरिजाप में एक सैन्य अड्डे का निर्माण करने के लिए आक्रामक बना हुआ है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यह वह भूमि है जो भारतीय नियंत्रण में थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एलएसी पर यथास्थिति कायम नहीं रखने के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है। हमने डेपसांग प्लेन्स, डेमचोक और गोगरा हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र सहित 65 में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट (पीपी) पर कब्जा खो दिया है। 'मोदी की चीनी गारंटी' जारी है, क्योंकि उनकी सरकार अपनी लाल आंख पर 56 इंच के बड़े चीनी ब्लिंकर पहनती है। उन्होंने एक बार फिर एलएसी पर सीमा की स्थिति पर देश को विश्वास में लेने की अपनी मांग दोहराई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि हम अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतरी



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है।

गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं।

जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

यूरिनल जैसी बेसिक सुविधाओं से भी वंचित लोको पायलट्स के न काम के घंटों की कोई लिमिट है और न ही उन्हें छुट्टी मिलती है। जिसके कारण वह शारीरिक और मानसिक रूप से टूट कर बीमार हो रहे हैं।

ऐसे हालात में लोको पायलट्स से गाड़ी चलवाना उनकी और यात्रियों की जान को जोखिम में डालना है।

INDIA लोको पायलट्स के अधिकारों और वर्किंग कंडीशंस को बेहतर किए जाने के लिए संसद तक आवाज़ उठाएगा।

इस छोटी सी चर्चा को देखकर आप भी उनकी पीड़ा को महसूस कर सकते हैं।

श्री राहुल गांधी



# असम में बाढ़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का समाचार दुखद

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

असम में बाढ़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है। लगातार बिगड़ती स्थिति के चलते लाखों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं असम के लोगों के साथ हैं।

इस भारी बाढ़ से पर्यावरण व जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचा है। काजीरंगा में बड़ी संख्या में जानवरों की भी मृत्यु हुई है और कई घायल हैं। यह बेहद ही चिंताजनक है।

मैं कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं से अपील करती हूं कि कृपया राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें।

राज्य एवं केंद्र सरकार से मेरी विनती है कि प्रभावित जनता की हर संभव मदद करें।

हर साल आने वाली भारी बाढ़ एवं उससे होने वाला नुकसान दिखाता है कि हमें पर्यावरण व जैव विविधता से जुड़ा ऐसा टिकाऊ मॉडल बनाना होगा जिसमें आम इंसानों व जीव-जंतुओं का जीवन भी सुरक्षित रहे और हमारा पर्यावरण भी संरक्षित हो। हमें भविष्य के पर्यावरण मॉडल के बारे में संवाद शुरू करना ही होगा।

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा






# हो गया तय, कल ही हेमंत कैबिनेट के मंत्री लेंगे शपथ

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

हेमंत कैबिनेट के मंत्री कल ही शपथ लेंगे। कल 3:30 बजे हेमंत मंत्रिमंडल के सभी मंत्री राजभवन में शपथ लेंगे। राजभवन के बिरसा मंडप में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। बता दें कि 7 बजे से सीएम आवास में सत्ता पक्ष की अहम बैठक बुलाई गई है। इस दौरान फ्लोर टेस्ट को लेकर और मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल (8 जुलाई) होने वाले झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में विश्वास मत पेश करेंगे। वहीं बहुमत हासिल करने के तुरंत बाद हेमंत कैबिनेट का विस्तार होगा। बता दें कि पहले चर्चा थी कि कैबिनेट विस्तार के लिए 9 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन अब यह कल ही हो जाएगा।

**मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं दो नए चेहरे**



अब तक मिली जानकारी के अनुसार हेमंत कैबिनेट में चंपई सोरेन मंत्रिमंडल के सभी मंत्री शामिल होंगे। इसके लिए इरफान अंसारी और बैद्यनाथ राम के नाम नए चेहरे के तौर पर चर्चा में है।दरअसल, टेंडर कमीशन घोटाला में आलमगीर आलम की गिरफ्तारी और फिर मंत्रिपद से इस्तीफे के बाद कांग्रेस कोटे के 3 ही मंत्री रह गये थे। आलमगीर आलम की जगह नया मंत्री बनाया जाना था। अब अल्पसंख्यक समुदाय से इरफान अंसारी ही एकमात्र विधायक हैं, इसलिए उनका मंत्री बनना तय है। हालांकि चांपई सोरेन हेमंत कैबिनेट में होंगे या नहीं यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। अगर चंपई सोरेन होंगे तो उन्हें कौन सा विभाग दिया जाएगा इस बारे में भी अब तक कोई जानकारी नहीं है।

**हेमंत सोरेन ने 4 जुलाई को ली सीएम पद की शपथ**

गौरतलब है कि झारखंड में तेजी से बदलते सियासी घटनाक्रम में 2 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले चंपाई सोरेन ने 2 जुलाई को इस्तीफा दे दिया। 4 जुलाई को जेल से छूटे हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाला केस के आरोप में ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने गिरफ्तारी के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह वरीय झामुमो नेता और सियासत में कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया था।

# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक मंथन बैठक

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव श्री जितेंद्र सिंह जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक ₹मंथन बैठक₹ में सभी वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकगणों के साथ चर्चा की।

इस दौरान वरिष्ठ नेतागण सर्वश्री अरुण यादव जी, अजय सिंह जी, डा गोविंद सिंह जी, सज्जन सिंह वर्मा जी, कमलेश्वर पटेल जी, मीनाक्षी नटराजन जी, अशोक सिंह जी, ओमकार मरकाम जी, मुकेश नायक जी सहित सभी नेतागण उपस्थित थे।



# क्या देश और जनता से झूठ बोलने वालों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली

अग्निवीर पर राहुल गांधी और कांग्रेस ने संसद में और संसद के बाहर जो नरेटिव सेट करना चाहा फिलहाल उस पर लगाम लगती दिख रही है. सेना के क्लैरिफिकेशन के बाद शहीद अग्निवीर परिवार ने भी मान लिया है कि उसे अब तक उसे 98 लाख रुपये मिल चुके हैं और 67 लाख की रकम और मिलने वाली है. इसके अलावा पंजाब सरकार से भी एक करोड़ रुपया अतिरक्त परिवार को मिला है. सेना से मिले 98 लाख रुपये के बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल भी सामने आ चुकी है. शायद इन्ही सब कारणों का नतीजा है कि कांग्रेस ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर बिल्कुल चुप्पी साध ली है. पर देर शाम तक कांग्रेस की ओर से पहले रणदीप सुरजेवाला ने पीसी करके सफाई देने की कोशिश की. फिर राहुल गांधी का भी बयान आ गया. अब कांग्रेस इंश्योरेंस की रकम मिलने की बात कहकर झेंप मिटाना चाहती है. कांग्रेस को समझना चाहिए कि इंश्योरेंश के लिए भी प्रिमियम जमा करना होता है, और सरकार सभी अस्थाई कर्मचारियों के लिए इतनी बड़ी रकम की इंश्योरेंश नहीं कराती.

दरअसल कांग्रेस आज कल भारतीय जनता पार्टी के ही तरीके से आक्रामक ढंग से खेल रही है. झूठ या सच किसी भी तरीके से सामने वाली पार्टी पर हावी होना है. अग्निवीर ही नहीं एमएसपी आदि जैसे कई मुद्दों पर बीजेपी को बैकफुट पर डालने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए गए. पर अग्निवीर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर विवाद खड़ा करके कांग्रेस ने भारतीय सेना को नुकसान पहुंचाया है. जिन परिवारों से सेना के सबसे निचले लेवल की भर्तियां होती हैं उन तक जो गलतफहमियां पैदा हो चुकी हैं उन्हें खत्म होने में महीनों में लग जाएंगे. झूठ बातों का नरेटिव सेट करना भारतीय राजनीति में सबसे बड़े बुराई के रूप में उभरी है. राजनीतिक फायदा उठाने के लिए इस हथकंडे का इस्तेमाल सभी पार्टियां करने लगी हैं. लेकिन अग्निवीर को लेकर जिस



तरह की बातें संसद में हुई हैं, वे फिक्र बढ़ाने वाली हैं - और इस मामले में सेना की भी एंट्री होने से बात और भी सीरियस हो जाती है. इसलिए जरूरी है कि अग्निवीर ही नहीं किसी भी तरह का झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने वाले बयानों को रोकने के लिए जल्द से जल्द कोई कदम उठाया जाना चाहिये.

### लोकसभा में झूठ गंभीर मुद्दा है, पर होगा कुछ नहीं

लोकसभा भारतीय लोकतंत्र का मंदिर है. यहां पर सत्ता पक्ष या विपक्ष, किसी भी पक्ष के लोग झूठ बोलते हैं तो उस पर तत्काल एक्शन की व्यवस्था होनी चाहिए. पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में राहुल गांधी के झूठ पर झूठ बोले जाने पर कार्रवाई करने की अपील की थी. बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने भी राहुल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस भेजा है. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने साफ-साफ कहा है कि गांधी परिवार का सदस्य होने के नाते राहुल गांधी सदन को गुमराह करके बच नहीं सकते हैं, उन्हें नियमों के तहत कार्रवाई का सामना करना ही पड़ेगा. पर ऐसा कुछ होता नजर नहीं आता. गृहमंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी के अग्निवीर योजना, हिंदुत्व, किसानों के मुद्दे पर जो भी बयान दिया, उस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी. उन्होंने स्पीकर ओम बिरला से नेता प्रतिपक्ष के बयानों की जांच की मांग की थी. शाह ने कहा, बयानों के सत्यापन का निर्देश दिया जाए और हमें संरक्षण प्रदान किया जाए. राहुल गांधी ने भाषण के अंत में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की कई बातें तथ्यात्मक और सत्य नहीं है. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि इन बातों का सत्यापन किया जाए. जिसपर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, सत्यापन किया जाएगा. पर एक्शन के नाम पर कुछ नहीं होने वाला है. क्योंकि झूठ का सहारा सभी लेते हैं.

### चुनाव प्रचार के दौरान भी लगातार झूठ बोला गया

पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने चुनाव प्रचार के दौरान दूषित चुनाव अभियान पर एक बयान देकर एक बहस को जन्म दे दिया था. सिंह ने कहा था कि अतीत में किसी भी प्रधान मंत्री ने समाज के एक विशिष्ट वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घृणित, असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है. पर मनमोहन सिंह ने केवल एक चश्मे से ही वर्तमान को देखा. जबकि झूठे प्रचार से गलत नरेटिव सेट करने की कोशिशें इस बार के चुनावों इंडिया गठबंधन की ओर से ज्यादा हुईं.एक उदाहरण देखिए नरेंद्र मोदी फिर पीएम बन गए तो देश में फिर चुनाव नहीं होंगे. रूस की तरह देश में एक दलीय प्रणाली की शुरूआत होगी और पुतिन की तरह नरेंद्र मोदी स्थाई रूप से देश के शासक बन जाएंगे.

संविधान खतरे में है, आरक्षण खतरे में है का नरेटिव सेट करने की कोशिश कितनी हास्यास्पद थी. इसका फायदा भी विपक्ष को मिला. पर क्या देश में अब तक संविधान संशोधन नहीं होते रहे हैं. कांग्रेस राज में कितने संविधान संशोधन हुए हैं. क्या संविधान खतरे में पड़ गया. इसी तरह आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैलाना देश की जनता के साथ गद्दारी से कम नहीं था.

अरविंद केजरीवाल का सीएए विरोध तो इतना हास्यास्पद था कि सीधे इसके लिए केस होना चाहिए था. चुनाव प्रचार के शुरूआती दिनो में कई दिन टीवी पर वे आते और यही कहते कि इस कानून के बन जाने के बाद करोड़ों पाकिस्तानी दिल्ली में आकर बस जाएंगे. हमारी नागरिक सुविधाओं का क्या होगा. जबकि हर कोई जानता है कि इस कानून के लागू होने के बाद भी मुट्ठी भर लोग ही पाकिस्तान से भारत आकर नागरिकता ले सकते हैं. यह कानून इसलिए लाया गया है कि भारत में दशकों से जो लोग रहे हैं उन्हें देश की नागरिकता मिल सके.

### लगातार झुठ बोलने वाले नेताओं पर लगाम के लिए उठाने होंगे कदम

अग्निवीर पर कांग्रेस का झूठ सुनियोजित लगता है. क्योंकि राहुल ने अग्निवीर के परिवार का जो विडियो जारी किया उसमें परिवार से बातचीत चुनाव प्रचार के दौरान की है. स्पष्ट है कि एक बार भी कांग्रेस की ओर से यह प्रयास नहीं किया गया कि दोबारा शहीद परिवार से बातकर के पूछें कि उसे पूरी रकम मिली की नहीं. यह जानबूझकर ही किया गया. प्रशानिक कामों में समय लगता है ये सभी जानते हैं. इंश्योरेंस आदि की रकम मिलने में भी समय लगता है. चूंकि यह मामला सेना से जुड़ा हुआ है इसलिए देश के लिए बहुत सेंसिटिव है. इसके पहले राफेल विमानों पर भी इस तरह राहुल गांधी का झूठ पकड़ा गया था. जाहिर है कि भारतीय जनता पार्टी इस खेल की पुरानी एक्सपर्ट है. कांग्रेस को बैकफुट पर लाने के लिए उसकी तरफ से भी ऐसी ही हरकत की जाएगी. इसलिए यह जरूरी है कि इस तरह के झूठे नरेटिव सेट करने का चलन रोकने के लिए कुछ आवश्यक उपाय किए जाएं.

# राहुल गांधी जी का संदेश भाजपा के 10 साल के कुशासन से जनता को अवगत कराना

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

मैंने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पदयात्रा निकालने का फैसला लिया है। जुलाई के अंत में शुरू होने वाली इस यात्रा का उद्देश्य कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी और श्री राहुल गांधी जी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाना और भाजपा के 10 साल के कुशासन से जनता को अवगत कराना है।

हमारा मिशनः

- शहरी इलाकों में भाजपा के कुशासन को उजागर करना।
- श्री राहुल गांधी जी और श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी का संदेश जनता तक पहुंचाना।
- कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त दिलाना।



मुख्य मुद्देः-

- प्रॉपर्टी आईडी और पीपीपी के जंजाल में फंसे परिवार।
- दुकानदारों और व्यापारियों पर हो रहे लगातार हमले।
- जीएसटी से परेशान छोटे दुकानदार।
- सीवरेज सिस्टम और पेयजल व्यवस्था की खस्ताहाली।

₹इस पदयात्रा के जरिए जनता को भाजपा के जन विरोधी फैसलों से अवगत कराया जाएगा और कांग्रेस का संदेश हर घर तक पहुंचाया जाएगा।₹

कुमारी सेलजा

# कांग्रेस के बब्बर शेरों ने भाजपा के झूठ की फैक्ट्री को नेस्तनाबूद किया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भाजपा द्वारा जननायक Rahul Gandhi जी के संसद में हिंदू धर्म को परिभाषित करते हुए दिए गए भाषण को गलत तरीके से प्रस्तुत करने व ठएळ और ठएएळ की परीक्षाओं में हुई धांधली को लेकर जनपद बलिया और कौशाम्बी में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

2024 के आम चुनाव में जिस तरह कांग्रेस के बब्बर शेरों ने भाजपा के झूठ की फैक्ट्री को नेस्तनाबूद किया है। यह अभियान बदस्तूर जारी रहेगा।

कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक हम उनकी लड़ाई लड़ते रहेंगे।

डरो मत, डराओ मत

